आज का मौसम

भोपाल	↑ 38.7°	↓ 22.8°
इंदौर	↑ 38.8°	↓ 21.0°
ग्वालियर	↑ 39.1°	↓ 17.8°
जबलपुर	↑ 38.0°	↓ 22.1°

सूर्योदय- 6.03 सूर्यास्त-6.39

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 74 (भोपाल: वर्ष 36 अंक 137, पृष्ठ 12) गुरुवार 15 अप्रैल, 2021 राजधानी संस्करण. कीमत: रु. 3:00 www.naiduniaonline.com

vivo IPL
आज का मैच
राजस्थान v/s दिल्ली
समय शाम-7.30 बजे से

देवी चंद्रघण्टा

पिण्डज प्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यम् चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

खास-खबर

पार्किंग चार्ज मांगने पर भड़के पीएम मोदी के बड़े भाई

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद के सरदार पटेल एयरपोर्ट पर पार्किंग चार्ज को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी के बड़े भाई प्रहलाद मोदी एयरपोर्ट के कर्मचारियों-अधिकारियों पर बरस पड़े। विवाद मंगलवार की शाम उस समय हुआ, जब वे हरिद्वार से अहमदाबाद पहुंचे और पार्किंग कर्मचारियों ने उनसे कार की पार्किंग का चार्ज (90 रुपए) मांगा। इस बारे में प्रहलाद मोदी की दलील थी कि जब मेरी कार एयरपोर्ट परिसर में पार्क ही नहीं हुई तो मुझसे पार्किंग का चार्ज क्यों वसूला जाएगा। उन्होंने कहा, कार लेकर ड्राइवर एयरपोर्ट के बाहर सड़क पर मेरा इंतजार कर रहा था। इसके बावजूद कर्मचारी वहां पहुंच गए और पार्किंग चार्ज मांगने लगे। विवाद होने पर एयरपोर्ट प्रबंधन के कुछ अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों की गलती बताकर प्रहलाद मोदी को जाने के लिए कह दिया। प्रहलाद मोदी ने बताया कि मैं टर्मिनल से बाहर आकर अपनी कार की तरफ पैदल ही जा रहा (शेष पेज 2 पर)

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा रद्द

सभी छात्र प्रमोट होंगे, 12वीं की परीक्षा पर निर्णय एक जून को

नईदिल्ली(एजेंसी)।

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र ने बुधवार को सीबीएसई स्टूडेंट्स के लिए बड़ा और जरूरी फैसला किया। सरकार ने 4 मई से शुरू होने वाली 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी और 12वीं की परीक्षा फिलहाल अभी टाल दी है।

सरकार 1 जून को 12वीं की परीक्षा पर फैसला करेगी। एग्जाम कराने का फैसला हुआ तो छात्रों को 15 दिन का वक्त दिया जाएगा, यानी परीक्षा 15 जून के बाद ही होगी।

12वीं के छात्रों के लिए

4 मई से 14 जून तक चलने वाली 12वीं बोर्ड की परीक्षा अभी टाली गई है। ये परीक्षा इसके बाद होगी। बोर्ड 1 जून को हालात की समीक्षा करेगा। तब फैसला किया जाएगा। अगर परीक्षा होती है तो कम से कम 15 दिन पहले छात्रों को इसके बारे में बताया जाएगा।

10वीं के छात्रों के लिए

इनकी भी परीक्षा 4 मई से 14 जून तक होनी थीं। ये रद्द यानी कैंसिल कर दी गई हैं। यानी इस साल इनकी परीक्षा नहीं होंगी। सभी स्टूडेंट्स अगली क्लास में प्रमोट किए जाएंगे, लेकिन रिजल्ट के साथ। इस रिजल्ट का आधार क्या होगा, सीबीएसई इसे तय करेगा। अगर कोई छात्र बोर्ड की ओर से दिए गए मार्क्स से संतुष्ट नहीं होगा तो वो परीक्षा में शामिल हो सकता है, लेकिन ये परीक्षा तब होगी, जब इसके लिए देश में हालात सामान्य होंगे।

ऑनलाइन एग्जाम का विकल्प नहीं

शिक्षा मंत्रालय से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि शॉर्ट नोटिस पर 12वीं के ऑनलाइन एग्जाम संभव नहीं है। इतनी जल्दी छात्र अपने आपको ऑनलाइन पैटर्न के लिए कैसे तैयार करेंगे? ऐसे में एग्जाम ऑनलाइन करवाना और इन्हें कैंसल करने जैसे विकल्प संभव नहीं। ये फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की बुधवार दोपहर करीब घंटे भर चली बैठक में लिया गया। इससे पहले कई नेता और राज्य सरकारें सीबीएसई की परीक्षाएं टालने की मांग कर चुके थे। कहा जा रहा है कि बैठक में अधिकारियों का सुझाव था कि 12वीं और 10वीं दोनों की परीक्षाएं टाली जाएं, लेकिन प्रधानमंत्री ने सबके सुझाव सुनने के बाद कहा कि बच्चे पहले ही कोरोना में बहुत नुकसान और परेशानी (शेष पेज 2 पर)

महाराष्ट्र में लग गया मिनी लॉकडाउन

मुंबई(एजेंसी)। 14 अप्रैल को रात के 8 बजते ही महाराष्ट्र में मिनी लॉकडाउन लागू हो गया है। कोरोना संक्रमण की बेकाबू हो चुकी रफ्तार को कंट्रोल करने के लिए उद्धव ठाकरे सरकार ने मंगलवार रात जिन पाबंदियों का ऐलान किया वह 1 मई सुबह 7 बजे तक लागू रहेंगी। पूरे राज्य में धारा 144 लागू हो गई है और एक साथ पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्रित होने पर रोग लग गई है। प्रदेश सरकार ने इसे लॉकडाउन का नाम न देते हुए ब्रेक द चेन अभियान नाम दिया है और इस दौरान सभी गैरजरूरी गतिविधियों पर रोक रहेगी।

कोरोना मरीजों को राहत देने के लिए सीएम योगी का नया आदेश

लखनऊ(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोविड बेड और ऑक्सीजन की कोई कमी न होने पाए । प्रदेश में रेमडेसिविर इंजेक्शन की 25 हजार डोज स्टेट प्लेन भेजकर अहमदाबाद से मंगाया गया है। अफसरों को निर्देश दिया कि हर जिले में पर्याप्त मात्रा में इस दवा की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हर जिले में क्वारंटीन सेंटर बनाते हुए स्क्रीनिंग और टेस्टिंग के साथ लोगों के रहने व भोजन की व्यवस्था की जाए। कंटेनमेंट जोन के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि इनमें कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों और बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। 'टेस्ट, ट्रेस, ट्रीट' के संकल्प के साथ कोविड-19 के नियंत्रण अभियान को पूरी गति से जारी रखा जाए। लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर नगर, गोरखपुर, झांसी सहित कोरोना के अधिक ऐक्टिव केस की संख्या वाले जिलों में पर्याप्त बेडों की व्यवस्था (शेष पेज 2 पर)

कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए...

हर व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से कोरोना वॉलेंटियर्स से बातचीत की

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संकट से निपटने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, परंतु बिना जनता के सक्रिय सहयोग के हम इस लड़ाई को नहीं जीत पाएंगे।

कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक है। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि मास्क लगाना, 2 गज की दूरी रखना, बार-बार हाथों को धोना तथा जब-तक कोरोना संक्रमण समाप्त नहीं हो जाता, तब-तक बिना आवश्यक काम के घर से बाहर न निकले। श्री चौहान ने कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश में कोरोना वालेंटियर के रूप में 92 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है। ये सभी इस संकट की घड़ी में लोगों की सेवा करने के लिए जी-जान से तैयार हैं। मुझे विश्वास है कि यह वॉलेंटियर्स सेना चमत्कार करेगी तथा शीघ्र ही प्रदेश कोरोना संकट से बाहर निकलेगा। श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वॉलेंटियर्स तथा जन अभियान परिषद के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, उज्जैन से जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभास उपाध्याय, और जिले के एनआईसी कक्ष से जन अभियान परिषद के सदस्य, कोरोना वॉलेंटियर सम्मिलित हुए।

1 दिन में पहले 26 सौ सर्वाधिक, अब 10 हजार: श्री चौहान ने कहा कि इस समय देश प्रदेश एवं दुनिया कोरोना संकट के भयावह दौर से गुजर रहे हैं। मध्यप्रदेश में पहले दौर में सितंबर माह में सर्वाधिक 2600 प्रकरण 1 दिन में आए थे, अब 10 हजार प्रकरण आ रहे हैं। सरकार युद्ध स्तर पर व्यवस्थाएँ (शेष पेज 2 पर)

शुरू हुईं नई 4 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर यूनिट

24 घंटे सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध हूँ:चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण और रोगियों के समुचित उपचार के लिए आवश्यकता के अनुरूप ऑक्सीजन, इंजेक्शन और बेड आदि की व्यवस्था की जा रही है। मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों से ऑक्सीजन की अपूर्ति के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से भी चर्चा हुई है, जिसके फलस्वरूप राउरकेला और भिलाई से रेल द्वारा जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन बुलवाई जा सके। हिमाचल और महाराष्ट्र से ऑक्सीजन आपूर्ति प्राप्त करने के प्रयास किये जा रहे हैं। वर्तमान में गुजरात से रोजाना 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन बिना बाधा के प्राप्त हो रही है। जरूरी हुआ तो प्रदेश में विभिन्न स्थानों तक इंजेक्शन पहुँचाने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग किया जायेगा। श्री चौहान ने मंत्रालय में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान और अन्य सभी संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बेहतर प्रबंधों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संक्रमण से नागरिकों को बचाना हम सभी का पहला दायित्व है। व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होना चाहिए। हमारे प्रयत्नों से व्यवस्थाएँ बेहतर हों और आमजन का मनोबल भी ब?। आपदा की यह स्थिति जल्द समाप्त हो। राज्य सरकार ने चुनौतियों और कठिनाईयों का सामना करते हुए संक्रमण की चैन तो?ने के लगातार प्रयास किए हैं। यह प्रयास जारी रहेंगे। प्रदेश में बिस्तर संख्या ब?कर 36 हजार हो गई है। जिलों में कोविड केयर सेंटर्स भी प्रारंभ हो गए हैं। श्री चौहान ने इसके पूर्व स्मार्ट उद्यान में वृक्षारोपण के पश्चात मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि प्रदेश में अभी 280 मेट्रिक टन ऑक्सीजन उपलब्ध है। (शेष पेज 2 पर)

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेरी_सुरक्षा_मेरा_मास्क

क्या आप अपने परिवार से प्रेम करते हैं ? यदि हां ...

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

- तो कोविड-19 की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक स्वयं को संभावित संक्रमित मानते हुये घर में ही क्वारेंटाइन हो जायें। घर के अन्य सदस्यों से दूर रहें।
- कोविड-19 की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर स्वयं के संपर्क में आये परिचितों/सहकर्मियों (कॉन्टेक्ट) को भी संपर्क दिनांक से पाँचवें से दसवें दिन के मध्य अनिवार्य रूप से नजदीकी फीवर क्लीनिक में कोविड-19 की जांच करवाने की सलाह दें।

कोविड-19 की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संक्रमित व्यक्ति एवं परिवार के अन्य असंक्रमित सदस्य निम्न सावधानियां रखें -

- स्वयं को स्वच्छ और हवादार कक्ष में क्वारेंटाइन कर लें जहाँ पृथक से शौचालय की सुविधा हो।
- अनावश्यक कक्ष से बाहर न निकलें, कक्ष से बाहर निकलते समय मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।
- डिस्पोजेबल अथवा कपड़े के मास्क को प्रतिदिन हर 6-8 घंटे के बाद या मास्क के फट जाने/खराब हो जाने/भीग जाने पर तुरंत बदलें।
- कपड़े के मास्क को प्रतिदिन डिटर्जेंट व पानी से धोयें व धूप में सुखाकर एवं प्रेस कर उपयोग करें।
- संक्रमित व्यक्ति सामाजिक/धार्मिक आयोजनों, सार्वजनिक स्थानों पर न जायें, साथ ही घर में यदि बच्चे, वृद्धजन या गर्भवती महिला हो, तो उनसे दूरी बनाकर रखें एवं उनके सीधे संपर्क में आने से बचें।
- समय-समय पर हाथों को साबुन-पानी से अथवा अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर से साफ करते रहें।
- उपयोग किये गये कपड़े, बर्तन एवं अन्य संसाधनों को डिटर्जेंट व डिटॉल से साफ करें एवं परिवार के अन्य सदस्यों को इन्हें उपयोग न करने दें।
- बार-बार संपर्क में आने वाली सतहों (दरवाजों के हैंडल, बिजली के स्विच), नल एवं शौचालय को उपयोग के बाद 1% सोडियम हाइपोक्लोराइड से साफ करें।
- संक्रमित व्यक्ति संतुलित आहार एवं तरल पदार्थ का सेवन करें एवं समुचित आराम करें।
- चिकित्सकीय परामर्श अनुसार औषधियों का सेवन करते रहें।

यदि आपके घर में क्वारेंटाइन की जगह न हो तो आप नज़दीकी कोविड क्वारेंटाइन सेंटर में जा सकते हैं।

तीन बात से डरे कोरोना – दूरी, मास्क, हाथ को धोना

सभी नियमों का पालन करेंगे और करायेंगे, हम करोना से बचेंगे और अपनों को बचायेंगे।

24x7 कोरोना हेल्पलाइन नं.
104 व 1075

D-11005/21

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आपके परिवार का कोई सदस्य 45 वर्ष से ऊपर है, तो वैक्सीनेशन अवश्य कराएं।

NATIONAL HEALTH MISSION

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी